<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

<u>प्रेस–नोट</u>

दिनांकः 23.09.2021

आयोग द्वारा उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर (गृह विभाग) पुलिस प्रतियोगी परीक्षा, 2021 का आयोजन तीन चरणों में दिनांक 13.09.2021 से 15.09.2021 तक दो–दो सत्रों में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं दोपहर 03:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक अजमेर/भरतपुर/बीकानेर/जयपुर/जोधपुर/कोटा/उदयपुर/अलवर/भीलवाड़ा/राजसमन्द /पाली जिला मुख्यालयों पर किया गया।

उक्त परीक्षा हेतु दिनांक 27.09.2021 से 06.10.2021 तक अभ्यर्थी का नाम, परीक्षा केन्द्र, फोटो, हस्ताक्षर एवं विषय के अतिरिक्त सभी प्रकार के संशोधन ऑन लाईन करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

संशोधन चाहने वाले अभ्यर्थी ई–मित्र/ऑन लाईन बैंकिंग के माध्यम से रू. 300/– का शुल्क जमा कराते हुए आयोग के ऑन लाईन पोर्टल **<u>https://rpsc.rajasthan.gov.in</u>** पर उपलब्ध **Apply Online Link अथवा SSO Portal से Login कर Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal** का चयन कर संबंधित परीक्षा में ऑन लाईन संशोधन कर सकते हैं।

उक्त परीक्षा में केवल ऑन लाईन संशोधन के विकल्प का ही प्रयोग करें। ऑफ लाईन संशोधन स्वीकार नहीं किये जायेंगें।

उपरोक्त ऑनलाईन संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों के हितार्थ सुविधा मात्र है। संशोधन परीक्षा हेतु जारी विज्ञापन में उल्लेखित पात्रता की शर्तों के अनुरूप ही मान्य होंगे। विज्ञापन की शर्तें पूर्वानुसार ही रहेंगीं।

उपरोक्त संशोधन के संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई–मेल से अथवा फोन नं. 9352323625 व 7340557555 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(शुभम् चौधरी)
सचिव